**अवैध खनन** | विभाग को मिली मौखिक शिकायत, जांच में जुटे अधिकारी

# वन भूमि पर बिना अनुमति बोरवेल खनन




**कोतमा नवभारत 30 जून।** वन परिक्षेत्र कोतमा अंतर्गत हरद बीट में वन भूमि पर अवैध रूप से बोरवेल (ट्यूबवेल) खनन किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में वन परिक्षेत्र अधिकारी को एक मौखिक शिकायत सौंपी गई है, जिसके बाद विभाग ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच की बात कही है।

मामले की जानकारी देते हुए एक शिकायतकर्ता ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया कि हरद बीट के अंतर्गत आने वाले झोरकी टोला में एक वन पट्टा स्वामी द्वारा नियमों को ताक पर रखकर कार्य किया गया है।

### पट्टा स्वामी ने फरवरी में किया था बोरवेल का खनन

शिकायत के अनुसार, उक्त पट्टा स्वामी ने चालू वर्ष के फरवरी माह में बिना किसी वैधानिक अनुमति के वन भूमि पर बोरवेल का खनन करवा दिया। वन विशेषज्ञों और नियमों के मुताबिक, वन पट्टा क्षेत्र या वन भूमि के भीतर किसी भी प्रकार का व्यावसायिक या यांत्रिक खनन (जैसे बोरवेल) बिना सक्षम प्राधिकारी और वन विभाग की लिखित अनुमति के पूरी तरह प्रतिबंधित है।

### मामला अत्यंत संवेदनशील है

इस पूरे मामले को लेकर जब वन परिक्षेत्र अधिकारी से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि उन्हें हरद बीट में अवैध बोरिंग से जुड़ी मौखिक शिकायत प्राप्त हुई है। मामला वन भूमि से जुड़ा होने के कारण अत्यंत संवेदनशील है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि इस विषय में जल्द ही एक टीम गठित कर मौके पर भेजी जाएगी और निष्पक्ष जांच की जाएगी। जांच में शिकायत सही पाए जाने पर दोषी के खिलाफ वन अधिनियम के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## वेतन समझौता लागू होने तक नहीं थमेगा आंदोलन

**जमुना-कोतमा नवभारत।** एसईसीएल के जमुना-कोतमा क्षेत्र अंतर्गत कोतमा कॉलरी भालूमाड़ा वर्कशॉप में मंगलवार, 30 जून को भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) द्वारा 12वें राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौते (जेबीसीसीआई-12) को तत्काल लागू कराने की मांग को लेकर विशाल गेट मीटिंग आयोजित की गई। गेट मीटिंग में सैकड़ों की संख्या में कोयला श्रमिक शामिल हुए और केंद्र व कोल इंडिया प्रबंधन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए लंबित वेतन समझौते को शीघ्र लागू करने की मांग उठाई। श्रमिकों ने स्पष्ट किया कि मांग पूरी होने तक चरणबद्ध आंदोलन लगातार जारी रहेगा। गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए बीएमएस के एरिया महामंत्री रोशन उपाध्याय ने कहा कि कोयला श्रमिकों के धैर्य की लगातार परीक्षा ली जा रही है। वर्षों से लंबित 12वें वेतन समझौते को टालना लाखों श्रमिकों और उनके परिवारों के साथ अन्याय है।

# 747 ग्राम गांजा और 16 लीटर शराब जब्त

▸ बिजुरी पुलिस की नशे के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई

**अनूपपुर, नवभारत 30 जून।** जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बिजुरी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 747 ग्राम गांजा और 16 लीटर अवैध शराब जब्त की है।

पुलिस ने अलग-अलग मामलों में तीन आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए करीब 12 हजार रुपये मूल्य का मशरूका बरामद किया है। जानकारी के अनुसार 28 जून को पुलिस को सूचना मिली कि लोहसरा स्थित ठाकुर बाबा मंदिर के पास एक व्यक्ति गांजा बेचने की नीयत से खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और कनईटोला, बिजुरी निवासी घनश्याम यादव को पकड़ लिया।



तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 747 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ, जिसे जब्त कर लिया गया।

### तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

बिजुरी पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ भी अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को पकड़ा। पुलिस ने रतन सिंह माइनस कॉलोनी बिजुरी, राकेश सिंह कंवर तथा शीतल प्रसाद पनिका दोनो निवासी ग्राम उमरदा के कब्जे से कुल 4 लीटर अंग्रेजी शराब और 12 लीटर देसी महुआ शराब जब्त की। तीनों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई।

# तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर घर में घुसी

**डोला नगर परिषद क्षेत्र में बड़ा हादसा टला**

**अनूपपुर, नवभारत 30 जून।** जिले के डोला नगर परिषद क्षेत्र में मंगलवार को एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। कोतमा से मनेन्द्रगढ़ जा रही एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक मकान में जा घुसी। संयोगवश हादसे के समय घर में कोई मौजूद नहीं था, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।



जानकारी के अनुसार कार क्रमांक सीजी 16 सीयू 8927 कोतमा से मनेन्द्रगढ़ की ओर जा रही थी। डोला नगर परिषद के वार्ड क्रमांक-3 में चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। तेज रफ्तार कार सड़क किनारे बने नाले को पार करते हुए कुंदन गुप्ता के मकान में जा घुसी, जिससे मकान के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

### कार में कुल तीन लोग सवार थे

कार में 8 वर्षीय एक बच्चे सहित कुल तीन लोग सवार थे। राहत की बात यह रही कि सभी सुरक्षित हैं और किसी को गंभीर चोट नहीं आई। दुर्घटना के तुरंत बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कार में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## 24 घंटे में जिले में औसतन 5 .8 मिमी वर्षा दर्ज

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले में पिछले 24 घंटे के दौरान औसतन 5.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवधि में जिले के विभिन्न वर्षामापी केंद्रों पर अलग-अलग मात्रा में बारिश रिकॉर्ड की गई। सबसे अधिक 23 मिलीमीटर वर्षा अमरकंटक में दर्ज की गई। इसके अलावा वेंकटनगर में 16.5 मिलीमीटर, पुष्पराजगढ़ में 3.2 मिलीमीटर, जैतहरी में 2.1 मिलीमीटर तथा बेनीबारी में 1.6 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। वहीं अनूपपुर, कोतमा और बिजुरी वर्षामापी केंद्रों पर बीते 24 घंटे के दौरान वर्षा दर्ज नहीं हुई। जिले में मानसूनी गतिविधियां जारी हैं और आने वाले दिनों में वर्षा की संभावना बनी हुई है।

# आदर्श आदिवासी स्कूल के उन्नयन की मांग





**अभिभावकों का धरना दूसरे दिन भी जारी**

**अनूपपुर, नवभारत 30 जून।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक परिसर स्थित मॉडल ट्राइबल (आदर्श आदिवासी) स्कूल को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उन्नत करने की मांग को लेकर अभिभावक संघ का अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा।

अभिभावकों ने स्पष्ट किया कि जब तक विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से लिखित एवं ठोस आश्वासन नहीं मिलता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। अभिभावक संघ का कहना है कि स्कूल के उन्नयन में लगातार हो रही देरी के कारण आठवीं के बाद सैकड़ों आदिवासी विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। स्कूल में उच्च कक्षाओं की व्यवस्था नहीं होने से कई विद्यार्थियों के सामने आगे की शिक्षा का संकट खड़ा हो गया है।

### आदिवासी बच्चों के शिक्षा के अधिकार का सवाल है

धरने पर बैठे अभिभावकों ने आरोप लगाया कि आंदोलन शुरू होने के बाद भी विश्वविद्यालय प्रशासन का कोई जिम्मेदार अधिकारी उनसे चर्चा करने नहीं पहुंचा। उनका कहना है कि इस संबंध में कई बार आवेदन, ज्ञापन और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से मांग उठाई गई, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। अभिभावकों के अनुसार यह केवल स्कूल के विस्तार का मुद्दा नहीं, बल्कि आदिवासी बच्चों के शिक्षा के अधिकार और उन्हें समान अवसर उपलब्ध कराने का प्रश्न है।

**एक नजर में**

## सत्ता में परिवारवाद पर भगवा पार्टी का हमला



**अनूपपुर, नवभारत 30 जून।** भारतीय गणवार्ता भगवा पार्टी के जिला सहसचिव संतोष मिश्रा ने देश की राजनीति में कथित परिवारवाद और युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों को लेकर केंद्र एवं विभिन्न राज्य सरकारों पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जहां प्रभावशाली नेताओं के परिजनों को महत्वपूर्ण पद और अवसर मिल रहे हैं, वहीं आम युवाओं को बेरोजगारी, प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितता और पेपर लीक जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। संतोष मिश्रा ने जारी बयान में कहा कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पुत्र को सस्ती जमीन मिलने, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के पुत्र तथा अन्य मंत्रियों के बेटों को मिले विभिन्न पदों और अवसरों का उल्लेख करते हुए उन्होंने सवाल उठाया कि आम परिवारों के युवाओं को क्या मिला।

**युवाओं में बढ़ रही निराशा** -उन्होंने कहा कि देश के लाखों युवा लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक, परीक्षाओं के स्थगन, भर्ती प्रक्रियाओं में देरी और रोजगार के सीमित अवसरों जैसी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। इससे युवाओं में निराशा बढ़ रही है और उनके भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। संतोष मिश्रा ने सरकारों से मांग की कि प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए, पेपर लीक की घटनाओं पर कठोर कार्रवाई हो तथा समयबद्ध भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से युवाओं को समान अवसर उपलब्ध कराए जाएं।



## स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस एम्बेसडर प्रशिक्षण में 80 शिक्षक प्रशिक्षित

**अनूपपुर, नवभारत।** आयुष्मान भारत कार्यक्रम के अंतर्गत किशोर-किशोरियों के समग्र स्वास्थ्य, मानसिक सशक्तिकरण एवं व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित उमंग स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस एम्बेसडर प्रशिक्षण मंगलवार को शासकीय कन्या शिक्षा परिसर में सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया।

प्रशिक्षण का आयोजन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, अनूपपुर द्वारा शिक्षा विभाग के समन्वय से किया गया। छह दिवसीय प्रशिक्षण दो चरणों में आयोजित किया गया। पहला चरण 25 से 27 जून तथा दूसरा चरण 28 से 30 जून तक चला। जिले के सभी शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों से एक पुरुष एवं एक महिला शिक्षक सहित कुल 80 शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में बताया गया कि अब जिले के सभी विद्यालयों में प्रत्येक मंगलवार को कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए 40 मिनट का हेल्थ एंड वैलनेस सत्र आयोजित किया जाएगा।



# मलगा के बकुलमुनि आश्रम से निकली कलश यात्रा

**बावड़ी उत्सव के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन**

**जमुना कोतमा नवभारत 30 जून।** मध्य प्रदेश शासन के जल संरक्षण संकल्प के तहत 30 मार्च से 30 जून तक संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान का विकासखंड स्तरीय समापन कार्यक्रम मंगलवार को ग्राम पंचायत मलगा स्थित बकुलमुनि आश्रम धाम में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में अभियान के तृतीय चरण 'बावड़ी उत्सव' के अंतर्गत कलश यात्रा, जल स्त्रोतों की पूजा-अर्चना, श्रमदान तथा जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक उमेश पांडे की उपस्थिति रही। राम मंदिर में आरती के बाद श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों ने कलश यात्रा निकाली और बावड़ी सहित जल उद्गम स्थलों की पूजा-अर्चना कर साफ-सफाई अभियान चलाया।

### जनजागरूकता अभियान लगातार जारी रहेगा

जिला समन्वयक उमेश पांडे ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य पारंपरिक जल स्त्रोतों जैसे बावड़ी, तालाब और कुओं का संरक्षण, पुनर्जीवन तथा जनभागीदारी के माध्यम से जल संकट का स्थायी समाधान करना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण और जल बचाने के लिए जनजागरूकता अभियान लगातार जारी रहेगा।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर परामर्शदाता शिवानी सिंह, सरपंच रेखा सिंह, पसान नगर विकास प्रस्फुटन समिति के प्रतिनिधि विजय जायसवाल, रामकिशोर जन उत्थान समिति के नागेंद्र सिंह, अभिनव समाजसेवी संस्था के मुकेश गौतम, अमीन अहमद, समाजसेवी हीरालाल, मंदिर के पुजारी, दुल्लीचंद आदि उपस्थित रहे।

## वन अधिकार दावों के लिए विशेष अभियान आज से

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले में वन अधिकार अधिनियम के तहत पात्र हितग्राहियों के लंबित, पूर्व में निरस्त एवं नवीन दावों के शत-प्रतिशत निराकरण के उद्देश्य से 1 जुलाई से 31 अक्टूबर तक विशेष अभियान संचालित किया जाएगा। यह अभियान पूरे प्रदेश के साथ अनूपपुर जिले में भी चरणबद्ध एवं समयबद्ध तरीके से चलेगा। अभियान के दौरान पूर्व में निरस्त किए गए दावों का पुन: परीक्षण किया जाएगा। साथ ही लंबित दावों तथा नवीन प्राप्त व्यक्तिगत वन अधिकार, सामुदायिक वन अधिकार एवं सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन से संबंधित दावों का भी निराकरण किया जाएगा। प्रशासन के अनुसार व्यक्तिगत एवं सामुदायिक वन अधिकार संबंधी दावों का निराकरण नवीन एमपीएफआरए पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन किया जाएगा, जबकि सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन से जुड़े दावों का निस्तारण ऑफलाइन प्रक्रिया से होगा।

# क्या शहडोल को मिलेगा केंद्र में प्रतिनिधित्व?

▸ राजनीतिक गलियारों में चर्चा का बाजार गर्म

**अनूपपुर, नवभारत 30 जून।** शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह का नाम एक बार फिर राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। विंध्य-महाकौशल अंचल के प्रमुख जनजातीय महिला चेहरों में शामिल हिमाद्री सिंह को भारतीय जनता पार्टी की युवा, सक्रिय और गैर-विवादित सांसद के रूप में देखा जाता है। राजनीतिक विश्लेषकों के बीच यह चर्चा तेज है कि यदि केंद्र सरकार के मंत्रिमंडल में विस्तार होता है तो क्या लगभग तीन दशक बाद शहडोल संसदीय क्षेत्र को फिर से केंद्रीय मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व मिल सकता है। हिमाद्री सिंह ने वर्ष 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों में रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज कर लगातार दूसरी बार संसद पहुंचने का गौरव हासिल किया। इसके बावजूद उनके व्यवहार में सहजता और विनम्रता बनी रही है। सांसद के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान व्यक्तिगत जिम्मेदारियों और कोविड-19 महामारी जैसे चुनौतीपूर्ण दौर के बावजूद उन्होंने पूरे संसदीय क्षेत्र में लगातार सक्रिय उपस्थिति बनाए रखी।



### शहडोल जनजातीय बहुल क्षेत्रों में हैं शामिल


शहडोल संसदीय क्षेत्र, जो देश के प्रमुख जनजातीय बहुल क्षेत्रों में शामिल है, को स्वर्गीय दलवीर सिंह के केंद्रीय मंत्री रहने के बाद से अब तक केंद्र सरकार में प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। ऐसे में क्षेत्र के राजनीतिक और सामाजिक हलकों में यह अपेक्षा व्यक्त की जा रही है कि यदि मंत्रिमंडल विस्तार होता है तो हिमाद्री सिंह को अवसर मिल सकता है।

**जनसुनवाई** | जनसुनवाई में गूंजे पारिवारिक विवाद से लेकर अतिक्रमण तक के मामले

# महिला ने की विवाह में दिए गए उपहार वापस दिलाने की मांग

**अनूपपुर, नवभारत 30 जून।** जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट कार्यालय में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में पारिवारिक विवाद, अतिक्रमण, आवास, पेंशन, बोरवेल अनुमति और गरीबी रेखा सूची में नाम जोड़ने सहित विभिन्न समस्याओं से जुड़े कुल 78 आवेदन प्राप्त हुए।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अर्चना कुमारी ने सभी आवेदनों की सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर कमलेश पुरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।



### शादी के एक वर्ष बाद पति ने घर से निकाला

पुष्पराजगढ़ जनपद पंचायत के ग्राम खेतगांव निवासी सोनिया सिंह धुर्वे ने जनसुनवाई में आवेदन देकर बताया कि उनका विवाह 28 मई 2019 को निरंजन सिंह से हुआ था। विवाह के लगभग एक वर्ष बाद पति ने उन्हें अपने साथ रखने से मना कर दिया। महिला ने आरोप लगाया कि विवाह के समय दिए गए उपहार, जिनमें बाइक एवं अन्य घरेलू सामान शामिल हैं, अब तक वापस नहीं किए गए हैं। उन्होंने प्रशासन से उक्त सामग्री वापस दिलाने की मांग की।

### स्कूल की भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग

जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के ग्राम गोंदी के सरपंच एवं ग्रामीणों ने प्राथमिक शाला परिसर की भूमि पर हुए अतिक्रमण को हटाने की मांग की। उन्होंने बताया कि खसरा नंबर 171/1, रकबा 4 एकड़ 84 डिसमिल भूमि पर प्राथमिक विद्यालय स्थित है, जिसके आसपास कुछ लोगों ने दोबारा कब्जा कर लिया है। पूर्व में प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाया गया था, लेकिन बाद में फिर से कब्जा कर लिया गया, जिससे विद्यालय भवन निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है।

### क्षतिग्रस्त मकान के लिए सहायता राशि दी जाए

जनसुनवाई में भगवान दीन राठौर ने बोरवेल खनन की अनुमति, जयराम पनिका ने क्षतिग्रस्त मकान के लिए सहायता राशि, कृष्ण पाल सिंह ने गरीबी रेखा सूची में नाम जोड़ने, छोटेलाल सिंह ने सीसीसी ऋण योजना का लाभ, ओमवती ने विधवा पेंशन एवं बीपीएल सूची में नाम दर्ज करन संबंधी आवेदन प्रस्तुत किए।

## रेलवे बूथों पर गूंजा पोलियो मुक्त भारत का संकल्प

**नवभारत,जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल के चिकित्सा विभाग द्वारा राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत 29 जून को जबलपुर मंडल के विभिन्न प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर 0 से 5 वर्ष आयु के बच्चों को पोलियो रोधी दवा (पोलियो ड्रॉप्स) पिलाई गई। अभियान के तहत जबलपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-1 सहित मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर विशेष पोलियो बूथ स्थापित किए गए। मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के मार्गदर्शन में अभियान का शुभारंभ प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक (प्रभारी) डॉ. अशोक कुमार तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शैलेन्द्र दीक्षित के नेतृत्व में किया गया। अभियान का संचालन मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप कुमार चौहान एवं सहायक मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ. एम.एस. रम्य के नेतृत्व में संपन्न हुआ।